# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सतना म.प्र.

कमांक/विद्या/प्रशि./2020/1423 सतना,दिनांक :– 22.05.2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य
शा.उमावि./हाईस्कूल
जिला सतना म0प्र0

विषय :– राज्य आनन्द संस्थान भोपाल द्वारा संचालित कोर्स ALOHA ( A LIfe of happiness and ful fillment) में समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु पंजीयन कराये जानें विषयक ।

संदर्भ :– लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0भोपाल के पत्र कं./अप.संचा./मिशन 1000/प्रशि./2020/234 भोपाल दिनांक 19.05.2020

——00——

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के अनुकम में आपको अपनें संकुल अंतर्गत समस्त शिक्षकों को राज्य आनन्द संस्थान भोपाल द्वारा संचालित कोर्स ALOHA ( A LIfe of happiness and ful fillment) में प्रदेश के समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु पंजीयन कर प्रशिक्षण पूर्ण करना अनिवार्य है ।

यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है ऐसे प्रतिभागी जिनको इस प्रशिक्षण में सहभागिता करना है, वह अपना पंजीयन दिनांक 25 मई 2020 तक राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट http://xeoni.com/happiness पर पंजीयन कराया जाना सुनिश्चत करें ।

संलग्न :– संदर्भित पत्र ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सतना म.प्र.

पृ.कमांक/विद्या/प्रशि./2020/1424 सतना,दिनांक :– 22.05.2020

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0भोपाल
2. कलेक्टर जिला सतना म0प्र0
3. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग रीवा
4. पंजीयन में किसी भी तरह की असुविधा होनें पर डॉ.के.पी.तिवारी संभाग समन्वयक राज्य आनंद संस्थान सतना ( मो.नं. 9407816488) से आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते है।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सतना म.प्र.

Scanned by CamScanner

# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
## गौतमनगर, भोपाल– 462021

दूरभाष :– 0755–258620, ई–मेल m1000dpi@gmail.com

क्रमांक / अप.संचा. / मिशन 1000 / प्रशि. / 2020 / 234 भोपाल, दिनांक 19/05/2020

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
समस्त जिले म.प्र.

विषय :– राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा संचालित कोर्स–ALOHA (A Life of happiness and ful fillment) में प्रदेश के समस्त शिक्षको को प्रशिक्षण हेतु पंजीयन कराये जाने विषयक।

सुखी एवं सम्पन्न जीवन के निर्धारक क्या है ? यह निश्चित रूप से बड़ा सवाल है। हम सभी के खुशी के बारे में अपने–अपने सिद्धांत है। पिछले ढेड़ दशक में वैज्ञानिको ने इस विषय पर बहुत कार्य किया है, तथा इस संबंध में अच्छी जानकारी प्राप्त कर ली है कि एक खुशहाल एवं परिपूर्ण जीवन जीने के लिये क्या आवश्यकता है।

विगत वर्षो में इस विषय पर वैज्ञानिक दृष्टि कोण से किये गये अध्ययन के आधार पर राज्य आनंद संस्थान द्वारा ALOHA (A Life of happiness and fulfillment) कोर्स विकसित किया गया है।

कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल जिले के विद्यालयों से 200 शिक्षक एवं राजगढ़ जिले के विद्यालयों से 100 शिक्षक राज्य आनंद संस्थान द्वारा विकसित उक्त ऑनलाईन कोर्स में पंजीयन कर प्रशिक्षणरत है। प्रशिक्षण के एक सप्ताह उपरांत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा फीड–बैक में यह अवगत कराया गया कि प्रशिक्षण अत्यंत आनंदायी एवं जीवन के लिये इन परिस्थितियों में अत्यंत उपयोगी है।

अतएव प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं प्रभावशीलता को देखते हुए इसे प्रदेश के समस्त शिक्षकों, प्राचार्यो एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को लिया जाना है। प्रशिक्षण हेतु पंजीयन के निर्देश पृथक से संलग्न है। सर्व संबंधित दिनांक 25 मई तक राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट http://xeoni.com/happiness पर पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित करें। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है, यदि कोई प्रशिक्षणार्थी इसका प्रमाण पत्र चाहता है तो रूपये पॉच सौ शुल्क आनंद संस्थान को ऑन–लाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकते है।

**संलग्न–प्रशिक्षण हेतु पंजीयन के निर्देश ।**

19/5/20
(जयश्री कियावत)
आयुक्त
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सतना म.प्र.

पृ.क्रमांक / विद्या / प्रशि. / 2020 / 1422 सतना,दिनांक :– 22.05.2020

प्रतिलिपि :–

1. समस्त प्राचार्य उमावि. / हाईस्कूल जिला सतना की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त पत्रानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें ।
2. समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी जिला सतना की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सतना म.प्र.

Scanned by CamScanner

# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

**राज्य आनंद संस्थान द्वारा संचालित कोर्स ALOHA (A Life of happiness and ful fillment) में प्रशिक्षण हेतु पंजीयन के निर्देश :-**

1. वेबसाइट पर http://xeoni.com/happiness जाएँ।
2. नये अकाउंट का फार्म भरिये।
3. फार्म सबमिट करने के पश्चात आपको अकाउंट पंजीयन का एक ई-मेल प्राप्त होगा।
4. भेजे गये ई-मेल को पढ़ने के बाद उसमें दी गई लिंक पर क्लिक करके आपको अकाउंट की पुष्टि करनी होगी।
5. आपके अकाउंट की पुष्टि होने के बाद आप लॉग इन कर सकेंगे।
6. अपने यूजरनेम और पासावर्ड का उपयोग कर आप पोर्टल पर लॉगइन कर सकते है।
7. इसके बाद आप अपना कोर्स प्रारंभ कर सकते है।
8. पासवर्ड भूल जाने की स्थिति में आप अपना पासवर्ड पंजीयत ई-मेल पर दुबारा प्राप्त कर सकते है।
9. पाठ्यक्रम हेतु पंजीयन - 25 मई 2020 तक पूर्ण करें।
10. दिनांक 26 मई 2020 से प्रतिदिन 45 मिनट का प्रशिक्षण लेना है।
11. यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। यदि कोई प्रशिक्षणार्थी इसका प्रमाण पत्र चाहता है तो रूपये पॉच सौ शुल्क आनंद संस्थान को ऑन-लाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकते है।

Scanned by CamScanner